न्यायालय विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी. एक्ट), गोरखपुर।

जमानत प्रार्थना पत्र सं०-991/2026

अनूप यादव -बनाम- उत्तर प्रदेश राज्य

दिनांक 10-04-2026

जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुआ।

आवेदक/अभियुक्त के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित।

विद्वान विशेष लोक अभियोजक उपस्थित।

आवेदक/अभियुक्त द्वारा न्यायालय के पूर्व आदेश दिनांकित 03-04-2026 के अनुपालन में स्वंय आत्मसमर्पण करते हुए उसे अंतरिम जमानत पर रिहा किये जाने हेतु प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया है।

सुना तथा पत्रावली का परिशीलन किया।

आवेदक/अभियुक्त के विद्वान अधिवक्ता द्वारा जमानत प्रार्थनापत्र पर सुनवाई हेतु समय की याचना की गयी है, ऐसी स्थिति में आवेदक/अभियुक्त को अन्तरिम जमानत पर रिहा किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

तदनुसार आवेदक/अभियुक्त **अनूप यादव** द्वारा मु० 50,000/-रू० का नवीन स्वबंधपत्र प्रस्तुत करने पर उनके द्वारा पूर्व में दाखिल प्रतिभू पर उसे दिनांक 20-04-2026 तक अन्तरिम जमानत पर रिहा किया जाता है।

नियमित जमानत प्रार्थनापत्र सुनवाई हेतु नियत तिथि को पेश हो।

नियत तिथि पर आवेदक/अभियुक्त व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आत्मसमर्पण करे।

विशेष न्यायाधीश,

(एस.सी./एस.टी.एक्ट),गोरखपुर।

Digitally signed by PRAVEEN KUMAR SINGH
Date: 2026.04.10 17:11:32 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court